Title: Need to convert rail line between Rewari-Bikaner via Hissar and Ratangarh-Degana into broad gauge -Laid.

श्री राम सिंह कस्वां (चूरू) : उपाध्यक्ष महोदय, उत्तर रेलवे के रेवाड़ी-बीकानेर-सादुलपुर-हिसार व रतनगढ़-डेगाना रेल मार्ग की आमान परिवर्तन की मांग वर्षों से चली आ रही है। पूर्व में रेवाड़ी-सादुलपुर व सादुलपुर-हिसार मार्ग के अमान परिवर्तन स्वीकृति भी जारी की जा चुकी थी, लेकिन चालू रेल बजट में इस मार्ग का कोई विवरण नहीं दिया गया है। मेरे संसदीय क्षेत्र चूरू की आम जनता व व्यापारिक घरानों का देश के विभिन्न मार्गों में आना-जाना बना रहता है। बीकानेर क्षेत्र व्यापारिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

कांडला बन्दरगाह से आने वाला तेल पंजाब व हरियाणा को इसी मार्ग से जाता था। जनता की इस अति महत्वपूर्ण मांग को पूरा करने के लिये चालू वर्ष में इसे स्वीकृत कर बजट में शामिल करने के आदेश जारी करने का कष्ट करें।